हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–303 : जौनपुर, मंगलवार 15 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## काम पर लौटा बुलडोजरः शपथ से पहले मेरठ में बड़ी कार्यवाही : कुख्यात बदन सिंह बद्दो का ठिकाना किया जमींदोज

मेरठ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के पांच दिन के अंदर ही प्रशासन ने कुख्यात अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मेरठ में मंगलवार को पुलिस, प्रशासन और एमडीए ने दिल्ली रोड स्थित जगन्नाथपुरी में कुख्यात अपराधी बदन सिंह बद्दो के ठिकाने को जमींदोज कर दिया। मंगलवार को मेरठ में कुख्यात बदन सिंह बद्दो द्वारा जगन्नाथपुरी के पार्क पर अवैध तरीके से कब्जाई गई जमीन मुक्त कराई गई। 500 मीटर में बनी फैक्टरी में दो स्थायी निर्माण सहित अस्थाई निर्माण बनाया गया था। इस पर दो घंटे तक भारी पुलिस फोर्स के साथ चलाये अभियान में जमीन को कब्जा मुक्त कराया। पुलिस कस्टडी से फरार ढाई लाख के इनामी माफिया बदन सिंह बद्दो की करोड़ों रुपए की कोठी का भी ध्वस्तीकरण किया था। उसकी कोठी भी इसी इलाके में मौजूद थी। एमडीए जोनल अधिकारी/अधिशासी अभियंता अरुण शर्मा ने बताया की रिकॉर्ड में रेनू गुप्ता के नाम से ये निर्माण दर्ज है। हालांकि, इस पर कब्जा बदन सिंह बद्दो ने कराया था। अब इस पर कार्रवाई की गई है। यहां एमडीए द्वारा 1500 मीटर में एक पार्क है। इस पर लोगों ने कब्जा कर रखा है। अभी अजय सहगल की भी दुकानें है। इस पर शासन स्तर से प्रक्रिया पूरी होने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक बद्दो ने कई सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे किए हैं। उसकी फरारी के बाद पुलिस ने रिकॉर्ड खंगाला। करोड़ों रुपये की संपत्ति बद्दो ने अपने करीबियों के नाम की है। पुलिस और एमडीए ने 50 साल पुराना रिकॉर्ड खंगाला तो यह स्थिति सामने आई। आरोप है कि उसने पंजाबीपुरा वाली कोठी भाभी के नाम गिफ्ट दर्शाकर बैनामा कराया था। भाभी से पुलिस ने कोठी के बारे में जानकारी मांगी तो वह प्रमाण नहीं दे पाई। इसके बाद कोठी को पुलिस और एमडीए ने ध्वस्त कर दिया। अब पुलिस ने बद्दो की जगन्नाथपुरी में एक और संपत्ति का पता लगाया था। पुलिस का दावा है कि करीब 50 साल पहले जगन्नाथपुरी के एक पार्क पर बद्दो ने कब्जा किया था। पार्क की जमीन पर दुकानें बनाईं और फिर बेच दी थीं। कुछ दुकानें करीबियों के नाम कर दी थीं। पुलिस जांच में इस संपत्ति का पता चला और फिर एमडीए से इसकी जांच कराई गई। सोनू सहगल कोर्ट से स्टे लाए बद्दो की फरारी में अजय उर्फ सोनू सहगल का नाम भी सामने आया था। उसे जेल भेजा गया था। सोनू भी बद्दो का करीबी बताया जाता है। जगन्नाथपुरी में पार्क की जमीन में सोनू की दुकान भी मिली है। पुलिस ने बताया कि सोनू अपनी दुकानों बताकर कोर्ट से स्टे ले आए हैं। उन्हीं दुकानों की बगल में रेनू गुप्ता के नाम से दुकानें हैं, जो बद्दो की निकलीं। अब तक यह हुई बद्दो पर कार्रवाई 28 मार्च 2019 को बद्दो दिल्ली रोड स्थित मुकुट महल होटल से पुलिस हिरासत से भाग गया था। डीजीपी ने बद्दो पर दो लाख का इनाम कर दिया है। काफी प्रयास के बावजूद पुलिस अब तक उसका पता नहीं लगा सकी है। आईपीएस कृष्ण विश्नोई को तत्कालीन डीजीपी ओपी सिंह ने बद्दो पर कार्रवाई का टास्क दिया था। उन्होंने संपत्ति का पता लगाया और 21 जनवरी 2021 को उसकी पंजाबीपुरा टीपीनगर वाली कोठी को पुलिस व एमडीए ने ध्वस्त कराया था।

## सप्त दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : राष्ट्रीय सेवा योजना तिलकधारी महिला महाविद्यालय जौनपुर के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के समापन के अवसर पर आज की मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना सरकार महिला समन्वयक काशी प्रांत संयोजक ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया !उन्होंने अपने संबोधन में स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग कल के भविष्य हो आप चाहो तो समाज में एक बड़ा परिवर्तन ला सकते हो! महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर वंदना सिंह ने कहा कि कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है! प्राचार्य डॉ प्रमिला पांडे ने कहा कि अपने लिए छांव रखो और दूसरों को भी छांव दो !सभी स्वयं सेविकाओं ने अतिथियों के समक्ष रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उनका मन मोह लिया! इस समापन समारोह में आए हुए अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ शालिनी सिंह ने किया धन्यवाद डॉ



पूनम सिंह ने किया संपूर्ण संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजश्री सिंह ने किया! इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ !पुरस्कार विजेताओं में स्वयंसेविका कविता चौहान नेहा मिश्रा सोनी यादव खुशी सिंह नेहा चौहान को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी का पुरस्कार प्राप्त हुआ!

## थाना चन्दवक पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ शातिर चोर को किया गिरफ्तार

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के कुशल निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 श्री संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में तलाश वांछितध्पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए दिनांक 14. 03.2022 को थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चकरा मोड़ के पास से उपस्थित पुलिस बल के सहयोग से अभियुक्त शशिकान्त उर्फ गोलू पुत्र पंचदेव राम निवासी ग्राम रमदत्तपुर थाना चन्दवक जिला जौनपुर को समय 23.30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी एक मोटर साइकिल बरामद हुई। उक्त के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त–1– शशिकान्त उर्फ गोलू पुत्र पंचदेव राम निवासी ग्राम रमदत्तपुर थाना चन्दवक जिला जौनपुर बरामदगी– 1– एक चोरी की मोटर साइकिल आपराधिक इतिहास– 1–मु0अ0सं0 36/22 धारा 411 आईपीसी थाना



चन्दवक जौनपुर। 2– मु0अ0सं0 46/21 धारा 323/504/506 आईपीसी थाना चन्दवक जौनपुर। 3–मु0अ0सं0 111/21 धारा 379/411 आईपीसी थाना चन्दवक जौनपुर गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम – 1– उ0नि0 श्री जितेन्द्र बहादुर सिंह चौकी प्रभारी बजरंग नगर, थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर। 2– उ0नि0 श्री विभूति नरायन राय,हे0का0 विनोद चतुर्वेदी थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर।

## बिना आधार नही मिलेगी पेंशन : जिला प्रोबेशन अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया है कि पति के मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन अगर आप भी राष्ट्रीय पेंशन योजना के लाभार्थी है तो जल्द ही अपना आधार ऑथोन्टीकेशन करा ले अन्यथा आपकी पेंशन आना बन्द हो सकती है। इसके लिए पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थी इंटरनेट, कैफे, लोकवाणी केंद्र या खुद मोबाइल के माध्यम से अपने आधार का प्रमाणीकरण करा सकते है। इसके साथ ही जिला प्रोबेशन कार्यालय कलेक्ट्रेट कैम्पस के कार्यालय में जाकर भी अपना बैंक विवरण, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर सहित जमा कर सकते है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आधार बेस भुगतान की प्रक्रिया लागू करने के बाद जनपद में वृद्धावस्था, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांगजन पेशन का लाभ ले रहे लाभार्थियों के लिए आधार सीड़िग (आधार प्रमाणीकरण) अनिवार्य हो गया है। वर्ष 2022–23 में आधार बेस भुगतान किया जाना है। इसलिए जिन लाभार्थियों ने अभी भी अपने आधार का प्रमाणीकरण नही कराया है, व जल्द करा ले। अन्यथा उनकों पेंशन का लाभ मिलना बंद हो सकता है। इसके लिए लाभार्थी इंटरनेट कैफे, लोकवाणी केंद्र या खुद मोबाइल के माध्यम से अपने आधार का प्रमाणीकरण करा सकते है। ऐसे कराये आधार प्रमाणीकरण – वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांगजन पेंशनर्स https%//sspy&up.gov.in/ पर जाये। सभी पेंशन योजना में अपनी योजना को चुने। लाभार्थी को सबसे पहले अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर कराना होगा। इसके बाद होम पेज पर उपलब्ध रनिंग लिंक पर क्लिक करें (पुराने आवेदन पोर्टल पर मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करते हुए स्वयं अपने आधार कार्ड को ऑनलाइन सत्यापित करें) इसके साथ ही मोबाइल नंबर पर ओटीपी आयेगा। ओटीपी अंकित करने से आपका मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड हो जायेगा। इसके बाद बेवसाइट के होम पेज पर जाये। आवेदन लॉगिन चुनें। फिर पंजीकृत आवेदनकर्ता लॉगिन। इसके बाद डैश बोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे नेम एंण्ड जेडर रिक्वेस्ट फॉर आधार रीवेरीफिकेशन पर क्लिक करें। इसके बाद नाम, जेडर चुने, फिर सब्मिट रिक्वेस्ट चेंज पर क्लिक करें। इसके बाद होम पेज पर आधार प्रमाणीकरण पर क्लिक करें। आधार सत्यापन के आधार नंबर अंकित कर दे और 02 टाइम नोटिफिकेशन को एलाऊ करें। इसके साथ ही आधार प्रमाणीकरण सक्सीड लिख कर आयेगा। मतलब कार्य पुरा हुआ। अगर इसके बाद भी आधार प्रमाणीकरण नही हो पा रहा है तो जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट, जौनपुर में उपस्थित होकर ठीक करायें।

## टीकाकरण का है दम, "मिजिल्स" रोग हुआ पूरी तरह कम

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बच्चों में होने वाली खतरनाक बीमारी मिजिल्स अब समाप्ति की ओर है। इसे "दुलारो माता" के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही इसे खसरा भी कहते हैं। यह बीमारी वायरस से फैलती है और इसका वायरस बहुत ही खतरनाक होता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेन्द्र सिंह बताते हैं कि यह बीमारी जहां कहीं भी होती है महामारी का रूप ले लेती है । पूरे गांव और कभी–कभी आसपास के गांवों में भी फैल जाती है। इससे संक्रमित होने के बाद तेज बुखार आता है। उसके अगले दिन चेहरे और पूरे शरीर पर लाल–लाल दाने निकल आते हैं जिनमें खुजलाहट और जलन होती है। बीमारी से प्रभावित बच्चों में कई प्रकार की जटिलताएं आती हैं, जो कि आगे चलकर मौत का भी कारण बन जाती हैं। जैसे मस्तिष्क ज्वर, न्यूमोनिया, डायरिया (दस्त रोग) आदि। यह तीनों जटिलताएं अक्सर जानलेवा साबित होती हैं और मिजिल्स की वजह से बच्चों की मौत भी हो सकती है। वसंत ऋतु में यह बीमारी ज्यादा होती है जबकि पूरे साल कभी भी होने की भी आशंका रहती है। मिजिल्स से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम– "मिजिल्स" से बचाव का सबसे उत्तम साधन बच्चों का टीकाकरण ही है। यह टीकाकरण कार्यक्रम 1979 में शुरू किया गया जिसमें नौ माह की उम्र पर मिजिल्स का टीका लगाया जाता था। इससे बच्चों को 95 प्रतिशत इस बीमारी से सुरक्षाकवच मिला । 2009 से यह टीका नौ माह की उम्र पर तथा इसका दूसरा टीका 16 से 24 माह के बीच लगाया जाने लगा जिससे बच्चों को इस बीमारी से और भी सुरक्षा मिलने लगी। 2018 में इस टीके के साथ ही रुबेला का भी टीका जोड़ दिया गया जिससे टीके का नाम मिजिल्स रुबेला (एमआर) हो गया। 2018 नौ माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को अभियान चलाकर एमआर का टीका लगाया गया। 2018 में चले अभियान के बाद सप्ताह के प्रत्येक बुधवार और शनिवार गांव–गांव सत्र आयोजित कर एमआर नियमित टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जाने लगा। इसका टीकाकरण कवरेज भी 90 प्रतिशत से ऊपर जा रहा है। इसके चलते यह बीमारी बच्चों में अब बहुत ही कम हो रही है। साथ ही इसकी महामारी भी देखने को नहीं मिलती। नियमित टीकाकरण के माध्यम से ही 2022 तक इस बीमारी को लगभग समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। 2018 से पहले प्रतिवर्ष 1000 के लगभग मिजिल्स के रोगी चिह्नित मिल जाते थे और उनका उपचार होता था। 2018 में एमआर टीकाकरण अभियान चलाए जाने तथा बड़े पैमाने पर नियमित टीकाकरण होने से मिजिल्स के मरीजों की संख्या बहुत ही कम हो गई है। 2019 में 12 के लगभग मरीज मिले, 2020–21 में आठ और 2022 में अभी तक मात्र पांच ही मरीज मिले हैं। टीकाकरण की अच्छी कवरेज होने से मिजिल्स के मरीजों की संख्या न के बराबर है।

## थाना बक्शा पुलिस द्वारा एक शातिर अपराधी अवैध तमंन्चा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 15/03/2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्री अजय साहनी जौनपुर के कुशल निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर व थानाध्यक्ष श्री दिव्यप्रकाश सिंह के नेतृत्व में चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के विरूध्द सघन अभियान क्रम में थाना बक्शा पुलिस धनियामऊ बाजार में भ्रमणशील थी सूचना मिली कि एक शातिर अपराधी अवैध असलहा के साथ किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से धनियामऊ बाजार की तरफ से भोला मन्दिर की तरफ आ रहा है । इस सूचना पर उक्त पुलिस बल मौके पर पहुँचे तो एक व्यक्ति पुलिस वालों को देखकर भागने लगा, शक होने पर एकबारगी दबिश देकर पकड़ लिया गया। पूछने पर अपना नाम शिव कुमार गौतम पुत्र मिठाईलाल गौतम निवासी ग्राम बदलापुर खुर्द थाना बदलापुर जनपद जौनपुर उम्र 20 वर्ष बताया जिसकी जामा तलाशी से एक अवैध तमन्चा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ । अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर माल कब्जा पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. शिव कुमार गौतम पुत्र मिठाईलाल गौतम निवासी ग्राम बदलापुर खुर्द थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 125/2021 धारा 363/366



भा0द0वि0 थाना बदलापुर जनपद जौनपुर ।2. मु0अ0सं0 71/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्सा जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम का विवरण– 1–उ0नि0 श्री विवेक कुमार तिवारी(प्व्ब्ब ध ानियामऊ) थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2–उ0नि0 मनोज कुमार सिंह ,हे0का0 रीतम कुमार, हे0का0 माधव सिंह थाना बक्शा जनपद जौनपुर।

### सप्लाई इंस्पेक्टर ने सरकारी दुकान का किया निरीक्षण

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकासखंड मछली शहर के सरायबीका न्यायपंचायत अंतर्गत बोडेपुर गांव में सरकारी राशन की दुकान का जिलाधिकारी जौनपुर मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर रविवार को सप्लाई इंस्पेक्टर मछलीशहर अमिता दुबे ने निरीक्षण किया। इस संदर्भ में सप्लाई इंस्पेक्टर मछलीशहर अमिता द्विवेदी ने बताया कि सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि गांव के कार्ड धारकों द्वारा विभाग को उनसे राशन वितरण सम्बन्धी शिकायतें मिल रही थी, जिसको लेकर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सरकारी राशन की दुकान का निरिक्षण किया गया और राशन के स्टॉक और वितरण को गहनता से जांच की। उन्होंने बताया कि मिली अनियमितता की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया हैं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## एनएसएस के छात्रों को बताया स्वस्थ रहने का मंत्र

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में चल रहे विशेष शिविर के छठवें दिन सोमवार को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंदु प्रकाश सिंह ने कहा कि यह स्वास्थ्य ही आपकी संपत्ति है। अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान रखें क्योंकि आपको बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभानी होती है। डॉ सीमा सिंह, डॉ. रविन्द्र कुमार सिंह ने भी स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए आवश्यक टिप्स दिए। डॉ. बृजेश सिंह ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए भी हमें संतुलित आहार करना होगा। असमय भोजन का त्याग करना होगा। तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इस दौरान कुमार राज पाण्डेय व अन्य मौजूद रहे।

## महिला ने तख्ता चुराने का लगाया आरोप : पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के निशान गांव की एक महिला ने कुंडी गांव के एक व्यक्ति पर तख्ता चुराने का आरोप लगाया है। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद चोर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के निशान गांव की तारा देवी ने सोमवार को थाने पर पहुचकर कुंडी गांव के कैलाश के ऊपर उसका तख्ता चुराने का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाई। मामले की जांच करते हुए थानाध्यक्ष ने गांव में पुलिस भेजकर जांच करवाया तो चोरी का मामला सही निकला। जिस पर पुलिस ने कुंडी निवासी कैलाश को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर अवध नाथ यादव ने कहा कि तख्त चोरी करने के आरोप में कैलाश का चालान कर जेल भेज दिया गया है।

## दरवाजा तोड़कर खाद्यान्न उठा ले गए चोर

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बुढन्सापुर के किचन का दरवाजा तोड़कर कर रविवार की रात चोरों द्वारा स्कूल मे रखे अनाज को उठा ले गये ।घटना की जानकारी सुबह हुई जब अध्यापक स्कूल पहुंचे। प्रधानाध्यापक अमिताभ त्रिपाठी का कहना है कि रात मे चोरो ने विद्यालय का दरवाजा तोड़ दिया और खाद्यान्न उठा ले गये ।थाने मे तहरीर देकर देकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि रविवार की रात चोरों ने विद्यालय के किचन का दरवाजा तोड़कर कमरे मे रखा गया 30 किलो चावल ,10 किलो आटा ,3 बाल्टी एक तावा एक स्टोप उठा ले गए।

## नवनिर्वाचित विधायक का किया गया स्वागत

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नवनिर्वाचित विधायक आर के पटेल ने कहां कि मडियाहू को आदर्श विधान सभा के रुप में विकसित करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहां कि मूलभूत सुविधाओं के बेहतरी पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। सोमवार को रामनगर गांव में प्रदीप तिवारी के आवास पर सम्मान समारोह में विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक प्रीति द्विवेदी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, डॉ अभिमन तिवारी, राकेश पटेल, अपना दल यस जिलाध्यक्ष लाल बहादुर पटेल, कमलेश तिवारी, दिनेश तिवारी, प्रदीप तिवारी प्रेम चंद्र उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

### नाबालिग लडकी के भगाने की महिला आरोपीत गिरफ्तार

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाना क्षेत्र के खुंदनपुर गाव की एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। महिला पर एक नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप था पुलिस ने सोमवार को बरसठी से गिरफ्तार किया है। एक गाव की नाबालिग लड़की को भगाने पर बरसठी पुलिस दिसंबर माह में मुकदमा दर्ज किया था। जिसमे खुंदनपुर गाव की महिला रेखा देवी भी आरोपीत थी और तभी से महिला फरार चल रही थी ।बरसठी बाजार के पास से मुखबिर की सूचना पर एसआई धर्मदेव रमाकांत यादव और महिला आरक्षी रागिनी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय नगर स्थित रानीपुर चौराहे पर शाम साढ़े छः बजे किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में लगी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त चौराहे पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी जेब में मिले आधार कार्ड व मोबाइल के आधार पर उसकी शिनाख्त श्रवण कुमार वर्मा पुत्र राम नारायण वर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी ताड़तला जौनपुर के रूप में की। पुलिस ने घटना की सूचना मोबाइल से परिजनों को दिया। समाचार लिखे जाने तक परिजन मौके पर नहीं पहुंचे थे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

पैर फिसल जाये तो संभल सकते हैं, जुबान फिसल जाये तो घाव कर देती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अतीत में कैद : भविष्य की तलाश में पार्टी

फिल्म आंधी में गुलजार ने सत्ताधारी राजनेताओं के लिए लिखा था–सलाम कीजिए, आली जनाब आए हैं। कांग्रेस ने विपक्ष में रहते हुए इसे अपनाया है। अदृश्य कांग्रेस ट्विटर पर नजर आती है। नेताओं ने पार्टी और राजनीति को सीएसआर गतिविधियों में तब्दील कर दिया है! राजनीति में सफलता के लिए विचारों और एक संस्थान की जरूरत होती है।

पिछले एक दशक से ज्यादा समय से कांग्रेस कार्यसमिति की बैठकें बॉलीवुड फिल्मों की अगली कड़ी की तरह रही हैं। कहानी वही रहती है, पटकथा और संवाद समान रहते हैं और अंत का अनुमान लगाया जा सकता है। रविवार को हुई बैठक भी इससे अलग नहीं थी। कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ गांधी परिवार मिला, इस्तीफे की पेशकश की गई, बलिदान के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया, फिर बहाने और विश्लेषण हुए और अंत में एक और चिंतन बैठक करने के वादे के संग बैठक खत्म हो गई।

कुछ लोगों को उम्मीद थी कि कांग्रेस कुछ करिश्मा करेगी। फिर भी 136 साल पुरानी पार्टी अपेक्षित हार को नाटकीय और आश्चर्यजनक बनाने में कामयाब रही! पांच राज्यों में चुनाव के अंत में 10 मार्च को कांग्रेस की स्कोर शीट 0–5 थी। उत्तर प्रदेश में उसका वोट शेयर 2.3 फीसदी रहा और 403 सीटों वाली विधानसभा में उसके खाते में मात्र दो सीटें आईं। अगर कोई उसके 2017 के स्कोर को भी जोड़ ले, तब भी पार्टी दहाई अंक का आंकड़ा नहीं छू पाती है। पिछले तीन दशकों में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की कुल संख्या विधानसभा की आधी सीटों के बराबर भी नहीं है।

चार अन्य राज्यों में भी इसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। पंजाब में पार्टी ने दलित कार्ड खेला था, लेकिन मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी दोनों सीटों से चुनाव हार गए। उत्तराखंड में पार्टी और हरीश रावत, दोनों हार गए। मणिपुर में कांग्रेस ने भाजपा को चुनाव जीतने में मदद ही की। गोवा में चुनाव के बाद गठबंधन करने की उसकी उम्मीदें बिखर गईं। एक बार फिर ये नतीजे चौंकाने वाले नहीं लगते, पर बारीक विवरण स्तब्ध करते हैं।

लगता है कि कांग्रेस चुनाव कैसे नहीं लड़ा जाए, इस पर किताब लिख रही है। पश्चिम बंगाल में इसने वाम मोर्चे के साथ गठबंधन किया और इसका वोट शेयर गिरकर 2.9 फीसदी रह गया। केरल में इसने उसी वाम मोर्चे के खिलाफ चुनाव लड़ा और दशकों की परंपरा तोड़ते हुए पिनरई विजयन के नेतृत्व वाली माकपा को फिर सरकार बनाने में सक्षम बनाया। अवसरवादियों के साथ समझौता कर इसने असम में भाजपा को सत्ता में वापसी करने की अनुमति दी।

एन.आर. कांग्रेस से रिश्ता तोड़ और तमिलनाडु में द्रमुक का दुमछल्ला बनने जैसी गलतियां कर यह पुड्डुचेरी में हार गई। हार एक पैटर्न बनाती है और तबाही लाती है। कांग्रेस दशकों से विभिन्न राज्यों से बाहर है–तमिलनाडु में 55 वर्षों से, पश्चिम बंगाल में 45 साल से, उत्तर प्रदेश और बिहार में तीस साल से ज्यादा समय से, ओडिशा और गुजरात में 25 साल से ज्यादा समय से और इसी तरह अन्य राज्यों में भी।

हाल के वर्षों में जहां भी मतदाताओं को अपने मुद्दों का प्रतिनिधित्व करने वाला और अपनी भाषायी व सांस्कृतिक शिकायतें दूर करने का व्यावहारिक वैकल्पिक मोर्चा मिल गया, उन्होंने कांग्रेस को हटा दिया है–जैसे तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दिल्ली और अब पंजाब, जहां केजरीवाल की आप ने शानदार प्रदर्शन किया है। जनवरी, 2013 में, कांग्रेस ने जयपुर में राहुल गांधी को उपाध्यक्ष बनाने के लिए उत्तराधिकार योजना शुरू की।

एक ऐसे व्यक्ति को इतनी पुरानी पार्टी का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया गया, जिसके पास कोई प्रशासनिक अनुभव नहीं था। नतीजा सामने है। उसके बाद पार्टी लगातार दो लोकसभा चुनाव हार गई है। जीतने से ज्यादा उसने चुनाव हारे हैं। यहां मुद्दा क्षमता और संगठनात्मक नेतृत्व का है। सवाल यह है कि पार्टी किसका प्रतिनिधित्व करती है या उसके होने का मतलब क्या है। इसने 2019 में न्याय के मुद्दे पर प्रचार किया, पर इसे आंशिक या पूर्ण रूप से लागू करने के लिए उसे राज्यों में सत्ता के लिए संघर्ष करना पड़ा।

इसने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के विचार को बढ़ावा दिया, पर पंजाब, छत्तीसगढ़ या राजस्थान में इसे लागू करने में वह विफल रही। ऐसे साहित्य की कमी नहीं है, जिससे पार्टी समझ सकती है कि किस वजह से वह संकट में है। वर्ष 1936 के लखनऊ अधिवेशन में जवाहर लाल नेहरू ने कहा था, 'हम जनता के साथ काफी हद तक संपर्क खो चुके हैं और उनसे मिलने वाली जीवनदायिनी ऊर्जा से वंचित हैं, हम सूखते और कमजोर होते हैं, हमारा संगठन सिकुड़ता है और अपनी शक्ति खो देता है।'

50 साल बाद, 1985 में उनके नाती राजीव गांधी ने मुंबई में शताब्दी सत्र में बोलते हुए कहा था, 'देश भर में लाखों साधारण कांग्रेसी कार्यकर्ता कांग्रेस की नीतियों और कार्यक्रमों के प्रति उत्साह से भरे हुए हैं। लेकिन वे लाचार हैं, क्योंकि उनकी पीठ पर सत्ता और प्रभाव के दलाल सवार हैं, जो एक जन आंदोलन को सामंती कुलीन तंत्र में बदलने के लिए संरक्षण देते हैं।' वर्ष 2022 में वे शब्द सच साबित हो रहे हैं। पार्टी और उनके नेता अतिथि की तरह उपस्थिति जताने में विश्वास रखते हैं।

फिल्म आंधी में गुलजार ने सत्ताधारी राजनेताओं के लिए लिखा था–सलाम कीजिए, आली जनाब आए हैं। कांग्रेस ने विपक्ष में रहते हुए इसे अपनाया है। अदृश्य कांग्रेस ट्विटर पर नजर आती है। नेताओं ने पार्टी और राजनीति को सीएसआर गतिविधियों में तब्दील कर दिया है! राजनीति में सफलता के लिए विचारों और एक संस्थान की जरूरत होती है। राहुल गांधी ने जुलाई, 2019 में अध्यक्षता से इस्तीफा दे दिया था। तब से सोनिया गांधी की अंतरिम अध्यक्षता में पार्टी काम करती है, पर फैसले और निर्देश राहुल और प्रियंका द्वारा लिए जा रहे हैं।

जब 23 असंतुष्ट नेताओं ने पार्टी में चुनाव और पुनर्गठन की मांग उठाई, तो उन्हें गलत बताया गया और सोशल मीडिया पर उनका मजाक उड़ाया गया। रविवार को कार्यसमिति ने अध्यक्ष पद और संगठनात्मक चुनाव का वादा फिर दोहराया। जैसे–जैसे पार्टी अप्रासंगिक होती जा रही है, इसके वादे धूमिल पड़ते जा रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र को विचारों और तर्कों की प्रतिस्पर्धी राजनीति की, मुद्दों पर पूर्णकालिक जुड़ाव की जरूरत है, नारों की आंधी को ट्वीट करने की नहीं। कांग्रेस को इस भ्रम से बाहर निकलना चाहिए कि मतदाता एक दिन उसे सत्ता में वापस लाएंगे। मतदाता पहले से ही कहीं और देख रहे हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# शिविर में बताए श्रमिको के अधिकार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में एवं सचिव / तहसीलदार नरेंद्र कुमार यादव के निर्देश पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तौकीर की उपस्थिति में एवं लीगल एड क्लीनिक श्री मोहम्मद शाजेब सिद्दीकी की अध्यक्षता में श्रमिको के अधिकार एवं शासन की लाभकारी योजनाओं के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम हर्रई में किया गया। लीगल एड क्लीनिक मोहम्मद शाजेब सिद्दीकी ने बताया हमारे संविधान में मजदूर को सम्मानजनक काम और मजदूरी देने के साथ साथ कानून ने संरक्षण दिया है। काम का अधिकार और पूरी मजदूरी देने का प्रावधान कर शोषण से बचाने के लिए अलग से ही श्रम विधि का गठन कर शोषणकर्ता को दंड का प्रावधान भी किया गया है। अब कोई भी नियोक्ता या ठेकेदार,फैक्टरी,कारखाना मालिक उनका शोषण नहीं कर सकता। कानून में असंगठित क्षेत्र में इनको शोषण से बचाने के लिए भी उपाय किए गए हैं। पी एल वी योगेंद्र कुमार गुप्ता ने काम के दौरान दुर्घटना या श्रमिक की मृत्यु पर




क्षतिपूर्ति देने,श्रमिकों की महिलाओं बच्चों को मिलने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ के संबंध में बताया। पी एल वी कपिल जी गुप्ता ने श्रमिकों की दयनीय स्थिति, उन्हें प्राप्त कानूनी अधिकारों एवं बाल श्रमिक निषेध काननू पर रोशनी डाली। इस विधिक जागरूकता शिविर में लीगल एड क्लीनिक सर्वेश कुमार पी एल वी सूरज अग्निहोत्री एवं ग्रामवासी आदि लोग मौजूद रहे।

# किशोरी को भगाने एवं दुष्कर्म के केस में दोषी को सात साल की कैद व 20 हजार का अर्थदंड

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : करीब सोलह वर्षीय किशोरी को बहलाकर भगाने एवं उसके साथ दुष्कर्म के आरोप में स्पेशल जज पाक्सो एक्ट की अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया है। जिसे स्पेशल जज पवन कुमार शर्मा की अदालत ने सात वर्ष के कारावास एवं 20 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। मालूम हो कि करीब 16 वर्षीय किशोरी के भाई ने तीन फरवरी 2019 को हुई घटना का जिक्र करते हुए कूरेभार थाने में इसी क्षेत्र के रहने वाले आरोपी लवकुश के खिलाफ अपनी पुत्री को स्कूल गए होने के दौरान बहलाकर साइकिल से अयोध्या(फैजाबाद) भगा ले जाने और अपने मामा के यहां ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया। मुकदमे में पीड़िता बताई गई किशोरी को विवेचक ने घटना के तीन दिन बाद विधायक नगर तिराहा–गुप्तारगंज से बरामद होना बताया,जबकि पीड़िता ने किसी नदी के पास बरामद होने का बयान दिया था और गवाह बनी महिला सिपाही ने कूरेभार से धनपतगंज के बीच बरामदगी स्थल होने सम्बन्धी बयान दिया,जिस पर बताया गया बरामदगी स्थल पड़ता ही नहीं। मेडिकल के दौरान घटना के संक्षेप विवरण के कालम में भी एफआईआर में बताई गई घटना की तिथि से एक दिन पहले यानी दो फरवरी की तिथि लिखी गई है और पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने कोर्ट में दिए 164 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत हुए बयान में भी घटना की तिथि दो फरवरी बताई,जबकि साक्ष्य के दौरान घटना की तारीख तीन फरवरी बताया। इसके अलावा पीड़िता के जरिये घटना के दिन जिस जूनियर हाई स्कूल में पढ़ने जाने की बात बताई गई थी,वह भी प्रिंसिपल के बयान से झूठा साबित हुआ। साक्ष्य में आये प्रिंसिपल के बयान के मुताबिक पीड़िता वर्ष 2018 में ही उनके विद्यालय से आंठवी पास कर चुकी थी, ऐसे में पीड़िता को उस विद्यालय में पढ़ने के लिए जाने का कोई प्रश्न ही नही उठता। इन सब बातों के अलावा यह भी तथ्य सामने आया कि अयोध्या बताये गए स्थान पर आरोपी की कोई रिश्तेदारी भी नही है। पीड़िता के मुताबिक वह आरोपी लवकुश के साथ पहले कहीं नही गई थी,लेकिन घटना की सुबह अचानक उसके कहने पर साइकिल पर बैठकर भाई समझकर चली गई,सामने आए पीड़िता के बयान के मुताबिक सुबह 8 बजे साइकिल से निकले दोनो को अयोध्या पहुँचने में पूरे 12 घण्टे लग गए थे। इस तरह से बचाव पक्ष ने अभियोजन कहानी में कई झोल बताते हुए लवकुश को बेकसूर बताया और महज पीड़िता के पिता व आरोपी के बीच रुपये के लेन–देन का विवाद होने की वजह से फर्जी केस में फंसाने का तर्क रखा। बचाव पक्ष के मुताबिक घटना का कोई ऐसा गवाह भी नही था,जिससे घटना साबित हो,पीड़िता ने जो बयान दिया भी था,उसमे काफी भिन्नता रही,जिस आधार पर बचाव पक्ष ने घटना को झूठा होना बताया। वहीं अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता रमेश चन्द्र सिंह ने अभियोजन साक्ष्यों के आधार पर आरोपी लवकुश को ही घटना का जिम्मेदार ठहराया और जिसे दोषी ठहराकर कड़ी सजा से दण्डित किये जाने की मांग की। उभय पक्षों को सुनने के पश्चात स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट पवन कुमार शर्मा की अदालत ने केस की परिस्थितियों के दृष्टिगत आरोपी लवकुश को दोषी ठहराते हुए उसे सात वर्ष के कारावास एवं 20 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# सीडीपीओ कार्यालय पर पसरा सन्नाटा : इंतजार करती मिलीं आंगनबाड़ी कार्यकर्तियां

अयोध्या ब्यूरो : अधिकारी कर्मचारी रहे नदारद और अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं । जहां सरकार ने साफ–साफ निर्देश दिया है कि समस्त ब्लॉक के अधिकारी सुबह 9:30 से ही अपने कार्यालय पर पहुंचकर जनता की समस्याओं का निदान करें लेकिन जब समय से अधिकारी ही नहीं पहुंचेंगे तो ऐसी दशा में क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का निदान कैसे संभव होगा। मिल्कीपुर ब्लॉक मुख्यालय पर मौजूद बाल विकास परियोजना अधिकारी मिल्कीपुर का कार्यालय बना हुआ है सोमवार को जब भास्कर की टीम हकीकत जानने के लिए बाल विकास परियोजना कार्यालय 12:00 पहुंची तो कार्यालय तो खुला मिला । अंदर में कुछ आंगनबाड़ी कार्यकारी किसी अधिकारी के आने का इंतजार कर रहे थी। वहीं सीडीपीओ के कार्यालय बंद मिला मौके पर मौजूद आंगनवाड़ी सुपरवाइजर राम लली अवस्थी व विभा सिंह से जानकारी चाही गई कि सीडीपीओ साहब कहां पर हैं जो अभी नहीं आए हैं । तो उन्होंने तो कुछ ना बताते हुए बात गोल–गोल करते हुए कहा कि जो आंगनवाडी कार्यकत्री आई है इनकी अभी मीटिंग लेना है। वहीं पर तैनात एक अन्य कर्मचारी ने बताया कि साहब जिला मुख्यालय से आते हैं । फिलहाल सुबह से अभी तक नहीं आए हैं आ ही रहे होंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी मिल्कीपुर विवेक शाही से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम फील्ड में है जब उनसे कहा गया कि किस क्षेत्र में है तो उन्होंने कहा कि क्या काम है बताइए जब पूछा गया कि आप का कार्यालय अभी बंद है । आंगनबाड़ी कार्यकत्री बैठी हुई है तब उन्होंने कहां की कार्यालय इसलिए बंद है कि वहां पर और कोई कर्मचारी नहीं था । जो कंप्यूटर ऑपरेटर है वह भी जिला मुख्यालय गया है कहीं कोई सामान इधर से उधर हो जाता तो क्या किया जाता है की दशा में बंद रखा गया है फिलहाल हम आ रहे हैं।

# उ0प्र0 में होली पर हो सकता है मंत्रीमण्डल का सपथ ग्रहण : भाजपा शीर्ष नेतृत्व का उप मुख्यमंत्री व मंत्री बनाने पर मंथन जारी

अयोध्या ब्यूरो : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में सत्ता की वापसी का रिकार्ड बनाने वाली भाजपा की सरकार बनने की औपचारिकता ही शेष है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिन के दिल्ली दौरे में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से भेंट के बाद मंत्रिमंडल के गठन की घोषणा ही बाकी है। दिल्ली में सीएम योगी आदित्यनाथ की पीएम मोदी, भाजपा अध्यक्ष नड्डा, भाजपा के थिंक टैंक अमित शाह तथा बीएल संतोष के साथ बैठक के बाद काफी कुछ तय हो चुका है। उत्तर प्रदेश की नई सरकार के गठन की तारीख तथा मंत्रिमंडल में शामिल होने वालों के नाम की औपचारिक घोषणा ही बाकी है। माना जा रहा है कि इस बार तीन उप मुख्यमंत्री भी पद की शपथ लेंगे। दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा डा. दिनेश शर्मा को संगठन के काम की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। तीन उप मुख्यमंत्री बनाने का मकसद जातीय तथा क्षेत्रीय समीकरण साधने की कवायद है। अब तो मिशन 2024 को लेकर बेहद गंभीर भाजपा उत्तर प्रदेश में तीन डिप्टी सीएम बनाकर बड़ा लक्ष्य साधने के प्रयास में है। माना जा रहा है कि सीएम तथा तीन डिप्टी सीएम सहित कुल 62 मंत्री शपथ लेंगे। इसमें 28–30 कैबिनेट मंत्री होंगे। 11–12 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा 23–24 राज्य मंत्री शपथ लेंगे। आगरा ग्रामीण से विधायक बनीं पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्या को डिप्टी सीएम बनाने की तैयारी है। इसके साथ ही एके शर्मा तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को भी डिप्टी सीएम का पद दिया जा सकता है। यूपी चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी ने 273 सीटें हासिल कीं। समाजवादी पार्टी के गठबंधन ने 125 सीटों पर विजय प्राप्त की। मायावती की बहुजन समाज सिर्फ एक सीट हासिल कर सकी। इसके अलावा कांग्रेस को दो सीट मिली हैं। दो ही सीटें अन्य के खाते में आई हैं। सुरेश कुमार खन्ना के साथ सतीश माहाना, ब्रजेश पाठक, जितिन प्रसाद, सूर्य प्रताप शाही, सिद्धार्थनाथ सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, श्रीकांत शर्मा, आशुतोष टंडन गोपाल जी, अनिल राजभर, जय प्रताप सिंह, बिपिन वर्मा, धर्मपाल लोधी, भूपेंद्र चौधरी, रमापति शास्त्री, आशीष पटेल, संजय निषाद, कुंवर ब्रजेश सिंह, अंजुला कोरी, सुरेश पासी, प्रतिभा शुक्ला, राजीव सिंह, अमित अग्रवाल, संजय शर्मा, रविन्द्र जायसवाल, दिनेश खटीक, संदीप सिंह तथा मोहसिन रजा का मंत्री बनना तय माना जा रहा है। इनके साथ ही अपना दल तथा निषाद पार्टी के भी दो–दो विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा। असीम अरुण, दयाशंकर सिंह, पंकज सिंह रामपाल वर्मा, गिरीश चन्द्र यादव तथा राजेश्वर सिंह को भी मंत्री बनाया जा सकता है।

# नगर निगम जोन–7 कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त एवं व्यापारियों के मध्य हुई बैठक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं नगर निगम जोन 7 के अधिकारियों के मध्य नगर निगम जोन 7 इंद्रा नगर कार्यालय में एक बैठक हुई बैठक में उत्तर प्रदेशआदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता भी मौजूद रहे बैठक में भूतनाथ बाजार एवं नीलगिरी मार्केट, इंदिरा नगर के व्यापारियों ने अपनी अपनी बाजार की समस्याएं उठाई भूतनाथ मार्केट अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने सहायक नगर आयुक्त को समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा भूतनाथ के व्यापारियों ने बेबीयन रेस्टोरेंट से सेंट डोमिनिक रोड पर नालियों के ऊपर लगे पत्थरों के टूटे होने के कारण ग्राहकों एवं नागरिको के चोटिल होने की शिकायत करते हुए नालियों पर पत्थर लगवाने की मांग की तथा भूतनाथ मार्केट की सभी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने की मांग की भूतनाथ मार्केट में महिला ग्राहकों की सुविधा के लिए शीघ्र ही पिंक टॉयलेट बनवाए जाने की मांग भी व्यापारियों ने सहायक नगर आयुक्त से की तथा भूतनाथ मार्केट के सड़कों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की भी मांग की नीलगिरी मार्केट इंदिरा नगर के प्रभारी उदयभान यादव ने नीलगिरी मार्केट में नाली के चोक होने की शिकायत की तथा खराब सड़कों को भी बनवाने की मांग की सहायक नगर आयुक्त श्रीमती प्रज्ञा सिंह ने व्यापारियों की सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए तथा व्यापारियों से भूतनाथ मार्केट के कूड़ा प्रबंधन में एवं साफ सफाई हेतु सहयोग की भी अपील की बैठक में नगर निगम के जोनल अधिकारी प्रज्ञा सिंह, कर अधीक्षक आरएस कुशवाहा, सहायक अभियंता संजय पाण्डेय, सेनेटरी फूड







इंस्पेक्टर डॉक्टर राकेश वर्मा /बृजेश प्रजापति /विजेता द्विवेदी/देवेन्द्र वर्मा उपस्थित सहित कई अधिकारी मौजूद रहे तथा भूतनाथ आदर्श अध्यक्ष कमल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रमोद बंसल, वरिष्ठ महामंत्री अरशद सफी पुरी, महामंत्री मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार ,उपाध्यक्ष रवि राजपूत, उपाध्यक्ष सौरभ अरोड़ा, नीलगिरी मार्केट प्रभारी उदय भान यादव आदि मौजूद रहे।

# आगामी होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य एवं पेय पदार्थों किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अवगत कराया है कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के अनुपालन के क्रम में आगामी होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं पेय पदार्थों विशेष रूप से खाद्य पदार्थ खोया, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से विशेष छापामार अभियान द्वारा जनपद जौनपुर में 12 मार्च 2022 से 17 मार्च 2022 तक प्रवर्तन कार्यवाही किए जाने हेतु खाद्य सचल दल का गठन करते हुए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जौनपुर के नेतृत्व में जनपद में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है । उक्त के क्रम में 12 मार्च 2022 से 14 मार्च 2022 तक खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद के अलग–अलग स्थानों पर कार्यवाही की गयी। अभिहित अधिकारी डा. वेद प्रकाश मिश्र के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार राय के नेतृत्व में खाद्य सचल दल में सम्मिलित खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण बिपिन कुमार गिरि, राजेश मौर्य, अमरदेव सिंह कुशवाहा, रघुनाथ प्रसाद पटेल, सुनील द्विवेदी, संतोष कुमार दूबे राजेन्द्र कुमार, डा. तूलिका शर्मा एवं सूर्यमणि द्वारा जनपद के अलग–अलग स्थानों पर स्थित खाद्य कारोबारकर्ताओं से खाद्य पदार्थ दूध के 11 नमूने, घी का 01 नमूना, अन्य मिठाईयों के 03 नमूनें, पनीर के 05 नमूनें, बर्फी के 04 नमूनें, खोया के 02 नमूनें, नमकीन का 01 नमूना, चिप्सध्पापड़ के 03 नमूनें, पेड़ा का 01 नमूना तथा दही का 01 नमूना (कुल–32 नमूना) जनहित में जांच हेतु संग्रहीत कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित कर दिया गया है। इस प्रकार इस प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान खाद्य सचल दल द्वारा 12 मार्च 2022 से 14 मार्च 2022 तक विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 32 नमूने जनहित में जांच हेतु संग्रहीत कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित कर दिया गया है साथ ही खाद्य सचल दल द्वारा जनपद के विभिन्न बाजारो में खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं आम जनमानस के लोगों को खाद्य पदार्थों विशेषकर मिठाईयों में असली चांदी वर्क प्रयोग करने एवं मानक के अनुसार निर्धारित मात्रा में खाद्य रंगों का प्रयोग करने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया । इसी के साथ ही खाद्य सचल दल द्वारा 12 मार्च 2022 को प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान अलग–अलग खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थों की



गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होने पर नमूना संग्रहण की कार्यवाही के साथ ही खाद्य पदार्थ पैक्ड बर्फी 166 कि0ग्रा0 (अनुमानित मूल्य रू0 14940, खाद्य पदार्थ डोडा बर्फी लगभग 34 कि.ग्रा. (अनुमानित मूल्य रू0 3230, खाद्य पदार्थ पेड़ा लगभग 35 कि.ग्रा. (अनुमानित मूल्य रू0 3500, खाद्य पदार्थ बर्फी लगभग 32.06 कि.ग्रा. (अनुमानित मूल्य रू0 3260 नियमानुसार सीज कर जब्त किया गया। 13 मार्च 2022 को खाद्य पदार्थ इमरती लगभग 13 कि.ग्रा. (अनुमानित मूल्य रू0 1690 को नियमानुसार विनष्ट कराया गया। 14 मार्च 2022 को खाद्य पदार्थ खाजा लगभग 732.78 कि.ग्रा. (अनुमानित मूल्य रू0 106200, खाद्य पदार्थ स्पेशल दूध पकौड़ी मिठाई लगभग 14.52 कि.ग्रा. (अनुमानित मूल्य रू0 2640 को नियमानुसार सीज कर जब्त किया गया। इस प्रकार 12 मार्च 2022 से 14 मार्च 2022 तक विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल मात्रा लगभग 10 कुन्तल 29.6 कि0ग्रा0 (अनुमानित मूल्य रू0 135050 को नियमानुसार सीज कर जब्त किया गया एवं खाद्य पदार्थ इमरती मात्रा लगभग 13 कि0ग्रा0 (अनुमानित मूल्य रू0 1690 को नियमानुसार विनष्ट किया गया। समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील किया जाता है कि जनहित में अपने–अपने प्रतिष्ठान में स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का निर्माण/क्रय/विक्रय/ भण्डारण करना सुनिश्चित करें।

# हरदोई बसपा जिला कार्यालय पर मनाई गई 88वीं काशीराम जयंती

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जनपद हरदोई में बहुजन समाज पार्टी के कार्यालय पर बहुजन नायक डी एस 4 बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम साहब के 88 वी जयंती के अवसर पर उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिसमें जिला अध्यक्ष रणधीर बहादुर जी मुख्य सेक्टर प्रभारी सुरेश चौधरी पूर्व मुख्य सेक्टर प्रभारी सूर्यकांत निराला सेक्टर प्रभारी अमर सिंह सेक्टर प्रभारी राम अवतार नगर सेक्टर प्रभारी सुनील शर्मा जिला उपाध्यक्ष माणिक अग्निहोत्री जिला महासचिव श्रीपाल कुशवाहा जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर सत्यपाल सिंह राजेश्वर कुशवाहा गोपामऊ से बसपा प्रत्याशी सर्वेश जनसेवा महेश कुशवाहा प्रमोद सहगल बसपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सर्वेश वर्मा एवं सभी विधानसभा कमेटी के सम्मानित पदाधिकारी गण एवं बी बी एफ के सम्मानित साथी बामसेफ के पदाधिकारी गण मौजूद रहे सभी पदाधिकारियों ने बहुजन नायक वह बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब के चरणो में पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## कोतवाली पुलिस एवं गुजरात पुलिस के संयुक्त टीम ने छापेमारी में एक हफ्ते पूर्व गुजरात से भगा कर लाई गई नाबालिग लड़की एवं युवक को किया गिरफ्तार

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्म देवा गांव में कोतवाली पुलिस एवं गुजरात पुलिस के संयुक्त टीम ने छापेमारी में एक हफ्ते पूर्व गुजरात से भगा कर लाई गई नाबालिग लड़की एवं युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे लिखा पढ़ी के बाद गुजरात ले जाने की तैयारी हो रही है। मड़ियाहूं के ब्रह्म देवा गांव निवासी मनोज कनौजिया का पुत्र रवि कनौजिया गुजरात शहर के महिर नगर में रहकर मजदूरी करता था। वहीं पर कक्षा 12 की छात्रा निकिता से प्रेम संबंध हो गया। इसके बाद एक मार्च को रवि कनौजिया उसको घर से भगा कर अपने घर ब्रह्म देवा गांव में मंदिर में शादी करके रहने लगा। तीन मार्च को निकिता के पिता हरिभाई अहिरे ने अडाजन पुलिस स्टेशन में मुकदमा गुमशुदगी का दर्ज कराया। जिसके बाद से पुलिस लड़की की तलाश मोबाइल सर्विलांस के जरिए कर रही थी। गुजरात पुलिस को सर्विलांस के जरिए उत्तर प्रदेश के मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र में उसका लोकेशन होने पर सोमवार की सुबह गुजरात शहर के अडाजन पुलिस स्टेशन से हेड कांस्टेबल अरविंद भाई एवं लेडीज कांस्टेबल लीना मड़ियाहूं कोतवाली पहुंचकर कोतवाल अशेषनाथ से गिरफ्तारी में सहयोग की मांग किया। जिस पर मड़ियाहूं कोतवाली पुलिस एवं गुजरात की पुलिस ने ब्रह्म देवा गांव स्थित मनोज कनौजिया के घर पर छापेमारी किया तो भगाई गई नाबालिग लड़की और युवक रवि कन्नौजिया दोनों पुलिस के हत्थे चढ़ गये लड़की और युवक को पुलिस पकड़कर मड़ियाहूं कोतवाली लाकर मामले की जानकारी लिया और गुजरात पुलिस को लिखा पढ़ी कराने के बाद उसे गुजरात ले जाने के लिए सौंप दिया। मामले में हेड कांस्टेबल अरविंद भाई ने बताया कि भगाई गई लड़की निकिता 12 वीं की छात्रा है। छात्रा के पिता द्वारा 3 मार्च को गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। लड़की का पिता गुजरात के डीजीपी के घर काम करता है।

## पुनः निर्वाचित विधायिका सरिता भदौरिया को दी बधाई

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला तथा जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय वाहिनी शिवम राजपूत, रामगोपाल, हरेंद्र कुमार ,अनिल कुमार, किशन कुमार ,अतुल



राजपूत निजी सचिव आज सभी लोगों ने इटावा सदर की दोबारा निर्वाचित विधायिका श्रीमती सरिता भदौरिया जी के आवास पर जाकर उनको बुके एवं पुष्प माला भेंट करके उनका स्वागत किया तथा उनको विजई होने पर राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं भेंट की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा योगी सरकार से उनको मंत्रिमंडल में शामिल करने की अपील की।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी शर्मा ने स्वतंत्र देव सिंह को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने के लिए किया हवन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वॉलिंटियर्स भाजपा द्वारा गठित दल भारतीय उदय निर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी शर्मा ने समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की पहल करते हुए प्रधान कार्यालय के सामने स्थापित साईं धाम में हवन पूजन किया। जिसमें समस्त कार्यकर्ताओं के अलावा क्षेत्रीय धर्मप्रेमी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा वाहिनी के कार्यकारी अध्यक्ष आमिर खान , राष्ट्रीय सचिव इरफान मोहसीन, यासिर खान, बबलू विश्वकर्मा, हरीश यादव ,मोहित मिश्रा, महेश गुप्ता, दया शंकर पांडे,दिनेश सिंह, फहीम कुरेशी, अमीन कुरेशी,जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रितु सिंह, उपाध्यक्ष अनीता सिंह एवं जिले की समस्त कार्यकारिणी



के सदस्य मौजूद रहे। श्री शर्मा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि राष्ट्रीय युवा वाहिनी संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं की अपील है कि स्वतंत्र देव सिंह को उप मुख्यमंत्री का दर्जा दिया जाए।

## अधूरे पड़े प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास को 31 मार्च तक हर हाल में करवाये पूर्ण– बीडीओ रवि कुमार सिंह

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जितने भी पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास दिया गया है उनका 31 मार्च तक हर हाल में पूरा करें उक्त बातें धर्मापुर ब्लॉक सभागार में आयोजित अधिकारियों व कर्मचारियीं के बैठक में बीडीओ रवि कुमार सिंह ने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम ब्लॉक क्षेत्र के जिन–जिन ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान व सामुदायिक शौचालय अभी अपूर्ण है उन्हें भी जल्द से जल्द पूर्ण करवाये। बता दें कि सोमवार को ब्लॉक सभागार में बीडीओ रवि कुमार सिंह ने एडीओ पंचायत, एडीओ कोऑपरेटिव व सचिवों के साथ बैठक किया। इस बैठक के दौरान बीडीओ रवि कुमार सिंह ने ग्राम पंचायतों के नियुक्त सेक्रेटरी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पुराने वित्तिय वर्ष में जो लंबित प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास अधूरे पड़े है उन्हें 31 मार्च तक हर हाल में पूर्ण करवाये। बीडीओ ने ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित खेल के मैदान को भी जल्द से जल्द पूर्ण करवाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान बीडीओ रवि कुमार सिंह ने कहा कि अब गर्मी का मौसम शुरू हो गया है ऐसी स्थिति में अस्थाई गौशालाओं में पर्याप्त चारे पानी व छाव की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। गौशाले में पशुओ के भूसे की व्यवस्था करने के लिए विकासखण्ड क्षेत्र के ही मॉडल किसानों से उनकी इच्छा से भूसे का सहयोग लेने का चर्चा सेक्रेटरी व पशु चिकित्सा अधिकारी को दिया। इस बैठक में एडीओ पंचायत लाल जी राम, एडीओ कोऑपरेटिव ब्रह्मजीत सिंह, सेक्रेटरी रजनीश पांडेय, राजेश यादव, स्वतंत्र कुमार, अरविंद यादव व श्रुति गुप्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी को जिताने के लिए सभी का व्यक्त किया आभार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला ने जनपद इटावा में एक आवश्यक मीटिंग जिलाध्यक्ष शिवम राजपूत की अध्यक्षता में की उन्होंने पूरे प्रदेश में जीते हुए विधायकों को अपने व राष्ट्रीय युवा वाहिनी की परिवार की तरफ से सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं



को पूरे उत्तर प्रदेश में तन मन धन से भारतीय जनता पार्टी को जिताने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया जिला अध्यक्ष शिवम राजपूत ने सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और पुनः इसी तरीके से एकजुट होकर राष्ट्रीय वाणी परिवार को आगे ले जाने का संकल्प किया उनके निजी सचिव अतुल राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया मीटिंग में किशन कुमार हरेंद्र कुमार अनिल कुमार रामगोपाल आदि लोग उपस्थित रहे और राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला को आश्वासन दिया कि हम लोग राष्ट्रीय वाहिनी के दिशा निर्देश के अनुसार कार्य करते रहेंगे और सनातन धर्म में अपने पूर्ण आस्था रखते हुए निरंतर अग्रसर रहेंगे।

## होलिका दहन की जमीन का विवाद प्रसासन ने निपटाया

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना ग्राम पंचायत गोधना मे एक रखवारे से चला आ रहा होलिका दहन की जमीन का विवाद प्रसासन ने निपटाया है विवाद को लेकर गाँव मे तनाव था। गोधना गाँव मे वर्षो से जिस जगह होलिका लगाई जाती थी उस जगह दुसरे धर्म के एक व्यक्ति द्वारा वहा निर्माण कर लिया गया है तथा बाऊड्री बाल भी बना ली गयी है अब होलिका का त्योहार आने पर उसकी तैयारी के लिए ग्रामीण जुट गये लेकिन बाऊड्री के अन्दर होने के कारण होलिका नही लगाई जा सकी है जिसके लिए गाँव के कुछ लोगो ने प्रसासन को इसकी जानकारी दी तो प्रसासन मामले को निपटाने मे जुट गया पहले हल्का लेखपाल ने दुसरी जगह जगह दी तो वहा रह रहे लोगो ने विरोध करना शुरू कर दिया। जिसको लेकर अभी तक होलिका नही लगाई जा सकी थी जिसको लेकर दुसरे पक्ष के लोगो मे नाराजगी थी । मामला बिगडेन इसके लिए प्रसासन सतर्क हो गया सीओ मछलीशहर अतर सिह रविवार को मौके पर पहुचे तो मामला नही निपटाने प्रसास किया था पर निपटा नही था सोमवार को तहसीलदार मछलीशहर सुदर्शन कुमार व सीओ अतर सिह मौके पर पहुच कर मामले को निपटाया उन्होने राजस्व टीम द्वारा चिन्हिक की गयी जगह पर मिट्टी डालने का निर्देश होलिका की जमीन कब्जा करने वाले व्यक्ति को दिया तथा कहा की इस बार होलिका जहा पहले जलाई जाती थी वही जलाई जायेगी। सीओ मछलीशहर अतर सिह का कहना है की विवाद निपटा दिया गया है पहले जहा होलिका जलती थी वही जलाई जायेगी भविष्य के लिए दुसरी जगह चिन्हित की गयी है वहा कब्जा करने वाला व्यक्ति मिट्टी डलवायेगा तथा प्रधान बाऊड्री करायेगे।

## अनुशासन प्रिय व कुशल प्रशासक थे विजय प्रताप सिंह –प्राचार्य

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व श्री गणेश राय पीजी कॉलेज डोभी के पूर्व प्राचार्य डॉ. विजय प्रताप सिंह की 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. सिंह ने विद्यालय में जो अनुशासन कायम किया था उसका अनुसरण करते हुए आज भी उसे कायम रखा गया है।वे अनुशासन प्रिय होने के साथ ही कुशल प्रशासक भी थे। उनके लिए स्वहित से परे विद्यालय व समाज का हित सर्वोपरि था।शिक्षा की गुणवत्ता व विद्यालय का सतत विकास उनके जीवन का ध्येय था। डॉ. सिंह ने उनके व्यतित्व व कृतित्व के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विद्यालय को जो शैक्षिक महत्ता व प्रतिष्ठा उनके द्वारा स्थापित की गई थी उसे कायम रखने का प्रयास जारी है।कार्यक्रम को सचिव डॉ. प्रवीण कुमार सिंह,पूर्व प्रधानाचार्य राम दुलार सिंह, ट्रस्ट के अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

## गोमती नगर जनकल्याण महासमिति ने भेजा रिमाइंडर पत्र

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति ने स्वच्छता अभियान के लिए एलडीए, डीएम, कमिश्नर, नगर आयुक्त, मेयर सभी जनप्रतिनिधियों को दिया अपने पत्रों का रिमाइंडर। खाली प्लॉट की सूची पहले ही दी जा चुकी है,साथ ही बंद पड़े मकान का भी संज्ञान दिलाया। उल्लेखनीय है कि विभिन्न लीडिंग न्यूज पेपर्स ने अभियान चलाया था केवल गोमती नगर में 28000 हाउस टैक्स देते थे। वर्तमान में 68000 की हो गई। अभी भी 9000 से ऊपर प्रॉपर्टी का नगर निगम हाउस टैक्स नहीं ले रहा है। जोन 4 में तो कमर्शियल कम्पनी को नोटिस देकर अवैध बेसमेंट की घटनाएं लगातार जारी है। जो समय समय पर शासन– प्रशासन को बताई गई, पर हुआ कुछ नही। पुनः अभियान चलाया जा रहा है। उक्त जानकारी गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला ने दी।

## भगवान भक्त के वश में समर्पित होते हैं : पं, मदन मोहन मिश्र

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भगवान का वात्सल्य भक्त की भावना के उद्वेग से छलक उठता है। प्रभु भक्त के बस में होते हैं। मानव के हाथ में कर्म है। फल भगवान के हाथ में होता है। जनक पुर में विश्वामित्र राम लक्ष्मण को लेकर पहुंचे। दिव्य आवास की व्यवस्था महाराज जनक द्वारा प्रदान की गई। गुरु विश्वामित्र ने राम लक्ष्मणको आज्ञा प्रदान करते है।कि अपना दिव्य मनोरम दर्शन देकर सबके मनोरथ को सु फल करो। राम जी के आने पर सभी शिशु,नर,नारी उनके दर्शन के लिए आते हैं। दर्शन कर उनकी आंखें तृप्त हो जाती हैं। भक्त के कल्याण के लिए भगवान मनुष्य बन जाते हैं। धनुष यज्ञ शाला को देखकर श्री राम आश्चर्य चकित हो जाते हैं। इस यज्ञ के माध्यम से जगतम्बा सीता भगवान श्री राम का



संयोग होना है। श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान है। मानस महोत्सव के संयोजक राजेन्द्र प्रसाद दुबे ने आचार्य श्री पं, मदनमोहन मिश्र का माल्यार्पण कर स्वागतकर, भक्त श्रोताओं का अभिनन्दन किये।

## होनहार बिटिया ने किया नाम रोशन : परिवार में खुशी

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी क्षेत्र के सहरमा गांव के एक किसान की बेटी अंजली सिंह ने अपनी परिश्रम और लगन के पंखों से उड़ान भरी है और कठिन मेहमत के बूते लोअर पीसीएस की परीक्षा पास कर अपने माता–पिता और गांव सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बेटी की उपलब्धि से जहां परिजन खुश है, वही क्षेत्रवासी भी गौरवांवित है। अंजली अपने भविष्य के साथ ही छोटे भाई–बहनों का भविष्य भी बनाने में लगी है। सहरमा गांव निवासी किसान सुनील कुमार सिंह के दो पुत्री व एक पुत्र है। अपनी माली हालत को देखते हुए बच्चो को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे। खुद खेतो में कड़ी मेहनत करके बच्चो को कामयाब बनाने की ठानी। अंजली सिंह की प्राथमिक शिक्षा–दीक्षा गांव के प्राइमरी स्कूल से हुआ। इंटरमीडिएट सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटवार बरसठी में पास करने के बाद बीएससी की पढ़ाई मालती सिंह पीजी कॉलेज मड़ियाहूं से पूरी कर 2018 में प्रयागराज जाकर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी कर 2019 में परीक्षा दी। जिसका रिजल्ट शुक्रवार को आते ही परिजनों में खुशी का माहौल छा गया। अंजली अपने तीन भाई–बहनों में सबसे बड़ी है। अंजली इतनी मेहनती है कि , परिवार की माली हालत देख बच्चो को खाली वक्त में ट्यूशन पढा कर परिवार व छोटे भाई–बहन की पढ़ाई का खर्च भी देखती है। बीते विधानसभा चुनाव में शिक्षा विभाग की ओर मतदाता जागरूकता अभियान (क्विज प्रतियोगिता) में अव्वल स्थान प्राप्त किया और मिले दस हजार प्रोत्साहन राशि से अंजली ने अपने छोटे भाई को एक कोचिंग में दाखिला करवाया। छोटा भाई आईआईटी मेंस क्वालीफाई कर एडवांस की तैयारी कर रहा है। कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी अंजली बताती है कि, लड़कियां लड़को से कम नही है। लडकियां भी बिना किसी डर के लगन और कौशल से बड़े से बड़ा मुकाम हासिल कर सकती है। आज लड़कियां राजनीति, सामाजिक, निजी, प्रशासनिक सेवा आदि में बड़े से बड़ो पदों पर है।लड़कियां आत्मनिर्भर बनने की इच्छा रखे और लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करे, सफलता जरूर मिलेगी। अंजली की छोटी बहन यूपीएसआई की लिखित परीक्षा पास कर फिजिकल की तैयारी कर रही है। अंजली की उपलब्धि की खबर सुन गांव सहित आस–पास के लोग सुनील सिंह के घर पहुच बधाई शुभकामनाएं दे रहे है। अजंली ने अपने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता को दिया है।

## नवरात्र पर्व की तैयारी के लिए हुई बैठक

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर के स्टेशन रोड पर स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ पर रविवार देर शाम को एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें आगामी दो अप्रैल को पड़ने वाले नवरात्र पर्व को सफल बनाने के लिए चर्चा हुई ।इस दौरान शक्तिपीठ के आचार्य गुलाब ने विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी बड़े धूम धाम से मंदिर पर नवरात्र पर्व को मनाने के लिए अपील किया हैद्यइसमे लोग सहयोग करेंद्य ताकि पर्व को सफल बनाने में किसी प्रकार का दिक्कत न आ सके। उन्होंने बताया कि इस पर्व को गायत्री परिवार की तरफ से वार्षिकोत्सव के रूप में हर शाल मनाया जाता हैद्यबैठक मे शिक्षक नेता प्रमोद दूबे, माता प्रसाद चौरसिया, लाल जी पाण्डेय, एस पी सिह, छबीले महाराज, राजेश चौहान,सूरज यादव, राजेन्द्र साहू बाबा,माया देवी व माधुरी मौर्य आदि थे।

## नियमित करें ध्यान और प्राणायामों का अभ्यास – हरीमूर्ति

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिक्षक किसी भी राष्ट्र की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को पीढ़ी दर हस्तांतरित करनें का सबसे सशक्त माध्यम हैं। इसलिए भारत की प्राचीनतम विरासत योग को जन जन तक पहुंचाकर स्वस्थ और समृद्ध भारत के निर्माण में शिक्षक महति भूमिका को निभा सकते हैं।यह बातें तिलकधारी सिंह महाविद्यालय में छात्राध्यापकों को योगाभ्यास कराते हुए पतंजलि योग समिति के प्रान्तीय सह प्रभारी अचल हरीमूर्ति के द्वारा कही गई है। योग के क्रियात्मक और सैद्धांतिक अभ्यासों का प्रशिक्षण कुलदीप योगी और जगदीश योगी के द्वारा कराते हुए योगाभ्यास के मूलभूत सिद्धांतों को बताते हुए अष्टांग योग,विविध प्रकार की मुद्राओं के साथ कर्म योग, ज्ञानयोग और नवधाभक्ति के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। श्री हरीमूर्ति के द्वारा अवस्थानुसार और रोगानुसार आसन,व्यायाम, ध्यान के साथ योगिक जांगिड़, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम– विलोम, भ्रामरी और उद्गीथ प्राणायामों के साथ अग्निसार और नौलिक्रियाओं का अभ्यास कराते हुए उनसे होनें वाले मनोदैहिक लाभों को भी बताया गया।इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ विनय कुमार सिंह, डॉ अजय दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 57 नेत्र रोगियों किया गया निःशुल्क लेंस प्रत्यारोण

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत इंदिरा ग्रामीण स्वयंसेवी अस्पताल द्वारा रविवार को आयोजित मेगा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 379 नेत्र रोगियो का परिक्षण करने के पश्चात 57 मोतियाबिंद के रोगियों को चिन्हित कर निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया गया। अस्पताल के प्रबंध निदेशक वैद्य दिवाकर द्विवेदी ने बताया कि मेगा कैंप में आए नेत्र रोगियों का परीक्षण करने के बाद योग्य पाए गए 57 नेत्र रोगियों का अस्पताल की स्थाई सर्जन डा० आकांक्षा शुक्ला तथा डा० सूर्य कुमार द्वारा निशुल्क लेन्स प्रत्यारोपण किया गया । अंधता निवारण के सघन कार्यक्रम में शासन की मंशा के अनुसार नेत्र रोगियों को पूर्णतया निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जा रही है। अस्पताल के प्रभारी डा० सुधाकर द्विवेदी ने बताया की चालू वर्ष में 200 निःशुल्क लेंसप्रत्यारोपण का लक्ष्य रखा गया है जो 20 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा।इस अवसर पर डाक्टर अरूण सिंह, सुमित कुमार, हरिओम पाण्डेय , पंकज तिवारी आदि मरीजों के देख रेख मे लगे रहे।

## शॉर्ट सर्किट द्वारा आग लगने से लाखों का नुकसान

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पवारा थाना क्षेत्र के ग्राम रज्जूपुर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के करण बासुदेव सरोज के घर पर लाखों का नुकसान हो गया। उक्त गाँव निवासी वासुदेव सरोज के घर के लोग अपने खेतों में काम करने के लिए घर के बाहर गए हुए थे। तभी पड़ोस के लोगों ने देखा कि वासुदेव के घर को आग की लपटों ने पूरी तरह से घर को अपने आगोश में कर लिया था। ग्रामीणों के लोगों ने हल्ला मचाना चालू कर दिया। मौके पर पहुंचे अनिल दुबे, पिंटू पटेल, राकेश चौधरी आदि लोगों ने दौड़कर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। लेकिन कुछ ही देर में घर में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। बड़ी देर मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन घर में रखा हुआ टीवी, फ्रिज, साउंड सिस्टम, आदि घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पाते ही ग्राम प्रधान सौरभ सरोज बंटी तहसील प्रशासन को अवगत कराते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## जायद अभियान फसलोत्पादन रणनीति : 6566 हेक्टेयर जायद मे फसलोत्पादन का लक्ष्य

जौनपुर सू.वि. : जायद अभियान फसलोत्पादन रणनीति हेतु मंगलवार को एन0आई0सी0 लखनऊ से कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा की अध्यक्षता में वीडियो कान्फेन्सिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय जायद गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जायद अभियान में फसलोत्पादन की रणनीति पर चर्चा की गई। कृषि निदेशक विवेक सिंह ने जायद अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुये बताया कि फसलोत्पादन रणनीति में फसल सघनता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिये प्रदेश की फसल सघनता में वृद्धि एवं विशेष रूप से दलहनी फसलो के आच्छादन खाली खेतो में कराये जाने की आवश्यकता है। अपर मुख्य सचिव कृषि डा0 देवेश चर्तुवेदी ने पी0एम0 किसान योजनार्न्तगत ई–के0वाई0सी0 की अनिवार्यता की जानकारी देते हुये बताया कि ई–के0वाई0सी0 के लिये मोबाईल एप तैयार कराया गया है। कृषक स्वयं अपने मोबाईल फोन से 31 मार्च 2022 तक ई–के0वाई0सी0 करले। आधार से लिंक मोबाईल नम्बर न होने पर सी0एस0सी0 से करा ले, अन्यथा अगली किस्त रूक जायेगी। उन्होने समस्त जनपदीय अधिकारियो से लम्बित डाटो के संशोधन एवं कृषि यंत्रो के सत्यापन कर बिल पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये है। अध्यक्षता करते हुये कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा ने कहा कि एफ0पी0ओ0 (कृषि उत्पादन संगठनो) को प्रोत्साहित किया जाय। तीनो फसलो का प्लान तैयार कराकर उन्हे प्राकृतिक खेती, मूल्य संवर्धन, प्रोसेसिंग, मार्केटिंग से जागरूक कर उनकी आमदनी बढाये। कृषि विश्वविद्यालयो के वैज्ञानिको द्वारा जायद, मक्का, उर्द, मूंग, सूरजमुखी, सब्जी, हरा चारा एवं हरी खाद उत्पादन की तकनीकी जानकारी दिया गया। गोष्ठी में प्रत्येक मण्डलो के कमिश्नर, जिलो के जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी, कृषि विभाग एवं सम्बन्धित विभागो के अधिकारी एवं प्रगतिशील कृषको ने प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपद में हरी खाद हेतु ढैचा बीज की डिमाण्ड हेतु उप कृषि निदेशक को निर्देश दिये। उप कृषि निदेशक जय प्रकाश ने बताया कि जनपद को जायद में कुल 6566 हे0 मे आच्छादन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें मक्का 1516 हे0, उर्द 1377 हे0, मूंग 1317 हे0, सूरजमुखी 06 हे0, सब्जियॉ 1930 हे0 तथा हरा चारा 420 हे0 उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिये बीज एवं उर्वरक की व्यवस्था की ली गई है। किसानो को जायद आच्छादन बढाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है।

## स्टेशन पर हैंडपंप खराब होने से यात्रियों को दिक्कत

जौनपुर,ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर के रेलवे स्टेशन पर हैंडपंप खराब होने से यात्रियों को परेशानी उठनी पड़ रही है। प्लेटफार्म नंबर दो पर लगे हैंडपंप बहुत दिनों से खराब पड़ा हुआ है। जिससे यात्रियों को पानी के लिए घोर संकट का सामना करना पड़ रहा है। जबकि गर्मी का मौसम आ गया हैद्ययात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तथा बाहर से पानी ले आने में उनका ट्रेन छूट जाता है। समाजसेवी अमित गुप्ता गोलू,राकेश ऊमर वैश्य, राम सूरत पटेल, नवीन सोनी व अनिल विश्वकर्मा आदि ने रेलवे विभाग के शीर्ष अधिकारियों से स्टेशन पर खराब हैंडपंप को ठीक कराने की मांग की है। स्टेशन मास्टर एस पी द्विवेदी ने बताया कि खराब हैंडपंप को जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा।

## अयोध्या को स्वच्छता सर्वेक्षण में दर्जा दिलाने के लिए शुरू हुआ जागरूकता अभियान

अयोध्या ब्यूरो : देश के स्वच्छता सर्वेक्षण में अयोध्या को प्रथम दर्जा दिलाने के लिए शहर में जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को देवकाली वार्ड में इसी तरह का आयोजन किया गया, जिसमें अयोध्या शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में अव्वल दर्जा दिलाने के लिए सामाजिक संगठन भी बढ़–चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। सोमवार को शहर के वार्ड देवकाली मे मधुसूदन बिद्या मंन्दिर जू. हा. स्कूल अयोध्या मे ओम स्वच्छता कारपोरेशन व कैरियर कन्सल्टेंट एसोसिएशन के द्वारा स्वच्छता जागरूकता के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित समन्वयक भारती सिह ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत शहर को बेहतर रैकिग दिलवाने के लिए नगर निगम अयोध्या ने देवकाली वार्ड को लिया है ऐसे मे हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम को सहयोग करे गीला ,सूखा ,ई वेस्ट कूडा अलग ,अलग करके नगर निगम के गाड़ियों को दे ,व अपने घरो से कपडे का झोला लेकर ही दुकान से सामान लेने जाए, स्वच्छता एप सिटीजन फीडबैक देकर अपने शहर को स्वच्छता रैकिग दें। विद्यालय प्रधानाचार्य श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया की सभी शैक्षणिक संस्थानो को इस प्रकार का आयोजन कर विद्यार्थियों को जागरूक करना चाहिए ताकि बच्चे अपने माता ,पिता व आसपास के लोगो को स्वच्छता के बारे मे बताए उन्होंने बच्चों को गीला व सूखा कचरा,अलग अलग करने और गीले कचरे से खाद बनाने के लिए प्रेरित किया,इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य महेश शर्मा सुपरवाइजर प्रतिभा, ऋषभ श्रीवास्तव नितिन श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे।

# तारुन विकास खंड पर ईसीसीई क्रियान्वयन कार्यशाला का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में बाल विकास पुष्टाहार एवं बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्री प्राइमरी के लिए ईसीसीई क्रियान्वयन कार्यशाला का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र तारुन पर आयोजित किया गया।इस कार्यशाला में मुख्य रुप से खंड शिक्षा अधिकारी तारुन अमित कुमार श्रीवास्तव और मुख्य अतिथि रूप में एसआरजी राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉक्टर अंबिकेश त्रिपाठी जी रहेसइस मौके पर एसआरजी डॉक्टर त्रिपाठी जी ने बताया कि नई शिक्षा नीति में किस प्रकार सरकार ने प्री प्राइमरी शिक्षा की व्यवस्था की है जिसको आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में संचालित किया जाना है जिसके लिए हम अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन के तहत बच्चों को तैयार करेंगे सभारत सरकार ने निपुण भारत योजना के तहत नई शिक्षा नीति में कुछ लक्ष्य निर्धारित किए हैं जिसको हम शुरू से ही प्री प्राइमरी शिक्षा को लागू करके बाल वाटिका के द्वारा प्राप्त कर सकते हैं।इस कार्यशाला में खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव जी ने बताया कि बच्चे हमारी राष्ट्र की मुख्य संपदा हैं और प्री प्राइमरी शिक्षा नींव का कार्य करेगी जिससे जो बच्चों के रूप में इमारत बने वह काफी मजबूत और बुलंद हो जिसके लिए आंगनबाड़ी और बेसिक शिक्षा विभाग को मिलकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाना होगा।इस कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक अविनाश कुमार पांडे ने किया। एआरपी डॉ रजनी रंजन जायसवाल और संतोष कुमार ने ईसीसीई क्रियान्वयन कार्यशाला के विभिन्न 11 बिंदुओं पर और बच्चों में नैतिक शिक्षा तथा संस्कारों की जानकारी पर चर्चा की साथ ही अन्य प्रशिक्षक राज प्रताप पांडे, कौशलेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद, दिनेश वर्मा ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।इस कार्यशाला में लगभग 145 आंगनबाड़ी कार्यकर्ती और नोडल



शिक्षक उपस्थित रहे।वही इसी कड़ी में जिले के बीआरसी तारुन के कम्पोजिट विद्यालय तारुन के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय ईसीसी क्रियान्वयन कार्यशाला का आयोजन किया गया।वही इस कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।इस मौके पर सीडीपीओ मैडम द्वारा केन्द्रों में संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई । जिले के सम्मानित एस आर जी एवं राज्य पुरस्कार सम्मानित अम्बिकेश कुमार त्रिपाठी द्वारा कार्यशाला को विस्तृत दिशा–निर्देश प्रदान किए और साथ ही कार्यशाला से संबंधित विस्तार पूर्वक कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न बिंदुओं से सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व संकुल शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पूर्ण मनोयोग से कार्यशाला में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए शिक्षा के उत्तरोत्तर उन्नयन की बात कही । कार्यशाला को अधिक प्रभावी बनाने हेतु ए आर पी डॉक्टर रजनी रंजन जायसवाल एवं सन्तोष कुमार ने महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये । शिक्षक संकुल सदस्यों राजेन्द्र प्रसाद,दिनेश कुमार वर्मा, कौशलेंद्र कुमार सिंह,राज प्रताप, सन्तोष वर्मा, सन्तोष उपाध्याय और महेन्द्र दुबे ने अपने नवाचारी रोचक प्रसंगों सहित बैठक को संबोधित किया।इस बैठक का कुशल संचालन अविनाश कुमार पांडे नोडल शिक्षक संकुल स्कूल रेडीनेस द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन एवं समापन डॉ रजनी रंजन जायसवाल एआरपी द्वारा किया गया।

# जनता के मुताबिक अयोध्या के विकास के लिये वेद प्रकाश गुप्ता बने मंत्री

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आज की गरिमा के अनुरूप विश्व में दिव्य भव्य राम मंदिर बने और नब्य अयोध्या का निर्माण होकर यहां का सर्वांगीण विकास आज की यहां जनता की प्रमुखता से मांग है।यहां की जनता का यह मानना है कि यदि अयोध्या को विश्व पटल पर स्थापित करना है तो यहां की गरिमा के अनुरूप विकास की योजनाओं को संचालित करने के लिए यहां के दूसरी बार विधायक बने वेद प्रकाश गुप्ता को मंत्रिमंडल में स्थान देने से अयोध्या के चतुर्दिक विकास में पंख लग जाएंगे ऐसा यहां के लोगो का माननाहै। अयोध्या के विकास के लिए देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से ही लगातार प्रयासरत हैं और विश्व के पटल पर स्थापित करने के लिए उनके और भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के दूसरी बार मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ का भी सपना है जिसे मूर्त रूप देने के लिए वह रात दिन जी जान से लगे हुए हैं। ऐसी स्थिति में यदि अयोध्या–के साथ न्याय करना है तो यहां की जनता की मांग को स्वीकार कर प्रदेश मंत्रिमंडल में यहां के विधायक को स्थान दिलाने का सपना देख रही है।देखा जाये तो पूर्व की सरकारों में भी अयोध्या जिले को उसकी गरिमा के अनुरूप यहां की सदर सीट से भाजपा के जीते विधायक लल्लू सिंह और समाजवादी पार्टी की सरकार में यही से विधायक रहे तेज नारायण पांडे ऊर्फ पवन पांडे मंत्री बनाए



गए थे। आज की अयोध्या की प्रतिष्ठा और विकास की ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए यहां से जीते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को मंत्रिमंडल में स्थान देना यहां की जनता की मांग और समय की आवश्यकता है जिले का विद्वत समाज अधिवक्ता पत्रकार समाजसेवी चिकित्सक एवं दबी जबान से विपक्षी दल के नेता एवं समर्थक भी अयोध्या की गरिमा के अनुरूप अपना समर्थन देकर यहां के विधायक को मंत्री मंडल में स्थान देने की मांग केन्द्रीय नेतृत्व और मुख्य मंत्री से करने की मांग दोहराई है। और आपस मे चर्चा करते देखे जा रहे हैं और अपना समर्थन भी दे रहे हैं।

## आज से 10 दिनों तक 3500 अतिरिक्त बसें चलेंगी होली के लिए लखनऊ से 12 रूटों पर सुविधा, एडवांस में करा सकते हैं ऑनलाइन टिकट

अयोध्या ब्यूरो : होली पर यात्रियों को बसों की कमी न हो, इसके लिए रोडवेज ने दस दिनों तक अतिरिक्त बसों को चलाने का निर्णय लिया है। होली के दौरान लखनऊ से जिन रूटों पर यात्रियों की भीड़ ज्यादा रहती है, ऐसे 12 रूटों को चिह्नित किया गया है। इन रूटों पर लखनऊ के सभी बस अड्डों से बसों की सेवाएं मिलेंगी। परिवहन निगम प्रशासन इस बार 13 से 22 मार्च यानी दस दिनों तक होली स्पेशल अतिरिक्त बसें चलाएगा। लखनऊ समेत प्रदेश के बड़े शहरों के बीच करीब 3500 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इस संबंध में परिवहन निगम के एमडी आर. पी. सिंह ने अधिक से अधिक बसें ऑनरोड करने के निर्देश देते हुए ऑनलाइन बुकिंग में ।ह बसों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। लखनऊ से यहां के लिए मिलेंगी बसें, वहीं लखनऊ के आलमबाग बस टर्मिनल से प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, अलीगढ़, इटावा, आगरा, बरेली, गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर, आजमगढ़, सलौनी के लिए बसें चलेंगी। इसी प्रकार कैसरबाग और आलमबाग से दिल्ली, देहरादून, हरिद्वार, जयपुर और चंडीगढ़ के लिए बसें उपलब्ध रहेंगी। ।ह बसों में यात्री तत्काल और एडवांस में सीटों की बुकिंग ऑनलाइन ॣनचेतजब.बवउ पर जाकर करा सकते हैं। कमर्चारियों को मिलेगा प्रोत्साहन भत्ता अगले 10 दिनों तक चलने वाली सेवाओं में कर्मचारियों को 4000 रुपए तक भत्ता एक मुश्त मिलेगा। 13 से 22 मार्च तक मिलने वाला भत्ता संविदा कर्मचारियों को भी मिलेगा। संविदा कर्मचारियों को 350 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से 3150 रुपए मिलेगा। इसके अलावा प्रोत्साहन भत्ता की बात करें तो 55 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब दिया जाएगा।

# पावन सलिला सरयू के किनारे राम नगरी में नागा साधुओं ने खेली रंगभरी होली

अयोध्या ब्यूरो : प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में सोमवार से परम्परागत ढंग से रंगभरी एकादशी के साथ होली उत्सव शुरू हो गया है। इसी के साथ ही नागा साधुओं ने हनुमानगढ़ी पर विराजमान हनुमंत लला के साथ होली खेलने के बाद हनुमान जी के निशान के साथ अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा शुरू कर दी है। बता दें कि प्रत्येक वर्ष अयोध्या में रंगभरी एकादशी पर नागा साधुओं की ओर से यह परंपरा निभाई जाती है। अवध क्षेत्र में होली से पांच दिन पूर्व शुरू हुए रंगभरी एकादशी होली तक चलती है। सोमवार सुबह हनुमानगढ़ी से पर्व का प्रारंभ हुआ। बड़ी संख्या में संत समाज सड़क पर निकल कर रंगभरी एकादशी उत्सव में उल्लास भर रहे हैं। बताया जाता है कि हनुमान जी के निशान के साथ मठ मंदिरों में होली का निमंत्रण लेकर भी यह नागा साधु जाएगें। अयोध्या की सांस्कृतिक सीमा क्षेत्र के पांच कोस में प्रारम्भ हुई परिक्रमा दोपहर बाद तक चलेगी। अयोध्या कोतवाल देवेंद्र पांडेय ने बताया कि हनुमानगढ़ी में होली खेलने के बाद नागा साधुओं का जत्था परिक्रमा के लिए निकल गया है। नागा साधुओं के जत्थे के साथ अयोध्या के लोग भी शामिल हैं। परिक्रमा के दौरान पुलिस बल साथ चल रहा है।

# शहर में अपने सराहनीय कार्य के चलते लोगों के दिलो में जगह बनाये राम बहादुर यादव व जगत नारायण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वर्तमान समय में किसी ना किसी व्यक्ति की पहचान उसके कामों से होती है चाहे वह व्यक्ति राजनीति गैर राजनीतिक क्षेत्र से जुड़ कर समाज के विकास के लिये काम कर रहा हो या फिर सरकारी पदों पर तैनात रहकर या प्राइवेट कंपनियों में रहकर देश हित में कार्य करके अपने परिवार के साथ साथ राष्ट्र के हित में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी कड़ी में कोतवाली नगर क्षेत्र में रह रहे प्रसिद्ध समाजसेवी राम बहादुर यादव व पार्षद जगत नारायण यादव विगत कई वर्षो से सराहनीय कार्य के चलते शहरवासियों के दिलों में अपने अच्छी जगह बनाए हुए हैं।जिसके चलते शहर के लोग इनके द्वारा किये गये कार्यों से खुश होकर एक ही बात कहते हुये दिखे कि पिछले 20 सालों में जो काम नहीं हुआ वह अब हो रहा है।मालूम हो कि कोतवाली नगर क्षेत्र के नाका निवासी राम बहादुर यादव एक सामान्य व्यक्ति होने के साथ–साथ पेशे से कोटेदार भी हैं।जब गत दिनों कोतवाली नगर क्षेत्र के वजीरगंज स्थित इनकी कोटे की दुकान पर देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चौनल की टीम पहुंची तो वहां पर राशन लेने आए हुए लोगों से इनके छवि के बारे में जानकारी लेनी चाहिए तथा उनसे यह भी पूछा कि आप लोगों को राशन मिलता है कि नहीं।क्योंकि योगी सरकार का सख्त दिशा निर्देश है कि इस समय जो भी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है तो उस योजना का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों को मिले।इस संबंध में वहां पर राशन लेने आए सभी महिलाओं व पुरुषों के साथ–साथ बच्चों ने भी उनकी तारीफ करते हुए कहा कि यहाँ पर तय सीमा के मुताबिक राशन वितरण करते हैं और राशन वितरण करने के दौरान वह किसी भी जाति धर्म ऊंच–नीच या किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी तरह का भेदभाव का व्यवहार नहीं करते हैं।वहां पर आए पात्र व्यक्तियों बच्चों महिलाओं ने कहा कि इनके खिलाफ हमें कोई शिकायत भी नहीं करनी है क्योंकि वे गरीबों को भी राशन देने में कोई कोताही नहीं बरतते हैं और महिलाओं के साथ–साथ पुरुषों व गरीबों की भी मदद करते हैं।इस मौके पर यहां के कोटेदार राम बहादुर यादव ने बताया कि शासन की मंशा अनुरूप कार्य करना और





शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को उनके पात्रों तक पहुंचाना हमारा परम कर्तव्य है इस मौके पर उन्होंने यह भी बताया कि शासन के मंशा के अनुरूप राशन आते ही सभी पात्रों को बिना किसी सौतेला व्यवहार के राशन दिया जाता है।किसी को किसी भी शिकायत करने की जरूरत भी नहीं होती है।वही इसी कड़ी में अयोध्या नगर निगम के श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के पार्षद जगत नारायण यादव की भी छवि जनता में अच्छी दिखाई देती नजर आ रही है।वही इसी कड़ी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के निवासियों का कहना था कि पहले यहां पर नाला सड़क साफ सफाई प्रकाश सहित अन्य कई ऐसे समस्याएं थी।जिसे उन्होंने पिछले चार सालों के अंदर पूरा किया।इन लोगों ने बताया कि पिछले कई सालो से नाला न बनने के चलते बरसात के मौसम में आसपास का गंदा पानी इनके घरों में भी जाता था।परंतु इस गंभीर समस्या को देखते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के पार्षद जगत नारायण यादव ने नाले का निर्माण करवाया।जिससे अब लोगों को काफी साल बाद इस गंभीर समस्या से निजात मिली।जिसकी तारीफ यहां की स्थानीय लोगों ने करते हुए दिखे।इसी कड़ी में देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चौनल की टीम को यहां के पार्षद जगत नारायण यादव ने बताया कि जनता के विकास के लिए हमसे जो बन पा रहा है हम वर्तमान समय में कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।उन्होंने बताया के इस वार्ड में जो भी समस्याएं थी।उसको लगभग लगभग पूरा करा लिया गया है और जो बचा है वह भी नगर निगम के माध्यम से भी पूरा कराने की कोशिश की जाएगी।

## जुलाई से आकार लेते दिखने लगेगा अयोध्या का राममंदिर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या में राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक शुरु हो गई है।जिसमें रामचबूतरा के निर्माण को जल्द पूरा करने के उपायों पर चर्चा होगी राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक शुरु हो गई है जिसमें रामचबूतरा के निर्माण को जल्द पूरा करने के उपायों पर चर्चा होगी।हजार साल तक टिकने वाले राममंदिर के निर्माण को बेहतर व समय से पूरा करने के लिए अयोध्या में मंदिर निर्माण समिति की बैठक अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में शुरु हो गई हैस मंगलवार से शुरु बैठक में राम मंदिर के तीसरे चरण के काम राम चबूतरा का निर्माण इस साल के जून माह तक हर हाल पूरा करने के उपायों पर चर्चा होगीस जुलाई से शुरु होने वाले मंदिर के चौथे चरण में मंदिर का निर्माण श्रद्धालुओं को आकार लेते हुए दिखने लगेगास इसके लिए बजट व अब तक निर्माण पर हुए खर्च का मुद्दा भी बैठक में महत्वपूर्ण होगास राम चबूतरा निर्माण तेज करने के लिए क्रेन मशीनों की संख्या बढ़ाकर चार कर दी गई हैरामचबूतरा निर्माण तेज करने के लिए क्रेन मशीनों की संख्या बढ़ाकर चार कर दी गई है।राम चबूतरा के सात लेयर में पहले का काम पूरा, रामचबूतरा में 5 फिट लंबा, ढाई फिट चौड़ा व 3 फिट ऊंचे पत्थरों की सात लेयर बिछाई जानी हैंस इसकी कुल ऊंचाई 21 फिट होगीसइसमें एक लेयर का काम पूरा हो चुका हैससमिति ने इस कार्य का पूरा करने के लिए मशीनों की संख्या 15 दिन पहले ही बढ़ाकर चार कर दी हैस इससे पत्थरों को सुरक्षित व शीघ्रता से आवश्यक स्थान पर पहुंचाने में मदद मिल रही हैसइसके साथ ही बैठक में कर्नाटक,राजस्थान के भरतपुर व मिजापुर के पत्थरों के प्रयोग के समय व उसे मंगाने पर चर्चा होनी है।राम मंदिर निर्माण कार्य में अब तक नीव की 48 लेयर व राफ्ट का निर्माण के बाद 20 फिट ऊंचे प्लिंथ अर्थात रामचबूतरा का निर्माण होना हैस यह कार्य आगामी जून माह तक पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही हैस श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने बताया कि राम मंदिर का यह निर्माण अपने आप में इंजीनियरों सहित हम सभी के लिए पूरी तरह नया अनुभव हैस इसमें कुछ भी अंदाजा नहीं लगाया जा सकता हैस उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले जुलाई माह के बाद राम मंदिर आकार लेते हुए दिखाई देने लगेगास राम मंदिर निर्माण कार्य स्थल का कर रहे निरीक्षण कर रहे सर्किट हाऊस में हो रही बैठक से पहले लार्सन एंड टूब्रो व टाटा कंसलटेंसी के इंजीनियरों के साथ नृपेंद्र मिश्र राम मंदिर निर्माण कार्य स्थल का कर रहे निरीक्षण करने के कुछ देर बाद रामजन्मभूमि परिसर में ही आज की पहली बैठक करेंगे।यह बैठक एक बज तक चलेगी जिसके बाद सेकंड टाइम की बैठक सर्किट हाउस में होगी जो शाम तक चलेगी।जिसमे समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र के साथ इस बैठक में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय व सदस्यों में अयोध्या राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र व डाक्टर अनिल मिश्र आदि शामिल हैं।

## टेंपों से संदिग्ध परिस्थितियों में चालक का शव बरामद

अयोध्या ब्यूरो : मवई थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में एक चालक का शव टेंपो से बरामद हुआ।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।मृतक कैंसर सहित कई अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित था।मौत के कारणों का अभी तक पता नही चल सका है। सैदपुर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार यादव के मुताबिक रुदौली कोतवाली अन्तर्गत मोहल्ला सूफियाना निवासी मोहम्मद इलियास उर्फ मुन्नू(50)पुत्र स्व. सादिक टेंपो चालक था।वह टेंपो चलाकर परिवार की आजीविका चला रहा था।उन्होंने बताया कि मृतक कैंसर के साथ ही शुगर,उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त था।पता चला है कि मृतक टेंपो लेकर सैदपुर गया था और सुबह उसका शव रुदौली–सैदपुर मार्ग पर तेलीन पटिया तिराहे पर टेंपो के अंदर संदिग्धा परिस्थितियों में बरामद हुआ।राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी।पुलिस ने शव की शिनाख्त कर घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी।मवई के थाना प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि घटना कि छानबीन की जा रही है।उन्होंने बताया कि मौत कि असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आयेगी।

## होली एवं शब ए बारात को लेकर डीजीपी ने सभी जिलों के अधिकारियो को जारी कर दिये निर्देश

अयोध्या ब्यूरो : होली एवं शब ए बारात को लेकर डीजीपी मुकुल गोयल ने सभी जिलों के अधिकारिययो को किये निर्देश जारी हुआ है। कोविड 19 की गाइडलाइन के तहत त्योहारों को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश, होलिका दहन आयोजको,धर्मगुरुओं,व पीस कमेटी के पदधिकारियो के साथ वरिष्ठ अधिकारियो को गोष्ठी कर खामियो को दूर करने के निर्देश,छोटी सी घटना पर गम्भीरता से तत्काल एक्शन लेने और मौके पर पहुचकर तत्काल कार्यवाही के निर्देश जारी करें, शराब को लेकर व्यापक चेकिंग अभियान के निर्देश, अवैध शराब भट्टियो सहित शराब तस्करी के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश, सोशल मीडिया जैसे ट्विटर, व्हाट्सप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर विशेष निगरानी के निर्देश जारी किए है, भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट पर तत्काल एक्शन लेने के दिए अधिकारियो को निर्देश।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, सारी गृहस्थी जलकर हुई राख

अयोध्या ब्यूरो : विकासखंड रुदौली की ग्राम पंचायत बेतौली में आज (सोमवार) सुबह 9:15 बजे दीपक पुत्र पृथ्वीराज के आवासीय छप्पर के घर में अज्ञात कारणों से लगी आग से सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई साइड में गोमती पर किराना स्टोर की दुकान भी दीपक ने रखा था उसमें लाखों रुपए का सामान भरा पड़ा था वह भी जलकर राख हो गया दीपक एक व्यवसाय व्यक्ति हैं फ्रीज सिलेंडर आदि भी रखा था जिसे आग ने अपने आगोश में ले लिया और जलाकर राख कर दिया सही मायने में देखा जाए तो दीपक के घर में खाने के लिए पहनने के लिए व रहने के लिए कोई भी व्यवस्था उस आवासीय छप्पर के मकान के सिवा नहीं था वर्तमान समय में अग्नि ने कुछ भी नहीं छोड़ा है दीपक सब्जी बेचने का धंधा डोर टू डोर व बाजारों में करता था जिससे अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई खेती व अन्य खर्चे व्यवसाय पर ही निर्भर था। आग की लपटो ने आज दीपक के पास खाने के लिए पहनने के लिए रहने के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा है दीपक व उनका परिवार कहीं रिश्तेदारी में गया हुआ था साइड में विकास का भी छप्पर जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बेतौली वीर बहादुर सिंह ने दी जानकारी ।सूचना पाते ही क्षेत्रीय लेखपाल वेद प्रकाश पहुंचे घटनास्थल क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

## प्रेमी संग विवाहिता फरार : ससुराल से मायके आयी थी युवती

अयोध्या ब्यूरो : ससुराल से गोकुला मायके आई विवाहिता प्रेमी संग नगदी व जेवरात लेकर फरार हो गई है। विवाहिता के पिता ने कुमारगंज पुलिस को तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है । प्राप्त सूचना के अनुसार मिल्कीपुर सर्किल के थाना कुमारगंज क्षेत्र अंतर्गत गोकुला गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी सुल्तानपुर जनपद के राजापुर गांव में किया था। ससुराल से मायके आई विवाहिता ने बीते सात मार्च की रात अपने प्रेमी निवासी मातादीन पांडे थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर के साथ 20,000 हजार रूपए नगद व जेवरात लेकर फरार हो गई । परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल सका जिसके बाद विवाहिता के पिता ने कुमारगंज थाने पहुंचकर विवाहिता को ले जाने वाले आरोपी के खिलाफ नामजद शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 53/22 धारा 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह का कहना है कि युवती के खोज के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है जल्द ही पुलिस टीम द्वारा बरामद कर लिया जाएगा।

### हेडमास्टर मिले पढ़ाते हुए बाकी शिक्षक रहे नदारद

अयोध्या ब्यूरो : सरकार चाहे जितने कड़े नियम परिषदीय विद्यालयों के लिए लगा दे, लेकिन शिक्षक भी अपनी मनमानी के आगे सरकार व शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को ठेंगा दिखाने से बाज नहीं आ रहे हैं। मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनथुआ स्थित कंम्पोजिट विद्यालय में जब 9:00 बजे भास्कर की टीम हकीकत जानने के लिए पहुंची तो विद्यालय में हेड मास्टर राजकुमार मिले जो कक्षा 6 के छात्र छात्राओं को पढ़ा रहे थे। विद्यालय के हेड मास्टर से जब पूछा गया कि विद्यालय में क्या आप अकेले ही अध्यापक हैं तो उन्होंने कहा कि नहीं विद्यालय में शिक्षामित्रों समेत आठ अध्यापकों की तैनाती हुई है, लेकिन अभी तक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक अर्चना तिवारी, सूर्यभान सिंह, प्रियंका शुक्ला, सुनीता व शिक्षामित्र उमेश कुमार नहीं आए हैं। जब उनसे कहा गया कि प्रतिदिन ऐसे ही करते हैं तो हेड मास्टर ने बताया कि 10:30 बजे तक विद्यालय पहुंचते हैं विद्यालय में 263 बच्चों का नाम रजिस्टर में अंकित है जो आते हैं जब तक अध्यापक नहीं आ जाते हैं बच्चों को पढ़ाने में बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। विद्यालय में बच्चों की अच्छी खासी संख्या है लेकिन ठीक से छात्र–छात्राओं का पठन–पाठन नहीं हो पा रहा है । जब विद्यालय में तैनात अध्यापक ही नहीं जाएंगे तो नौनिहालों की पढ़ाई कैसे संभव होगी । अगर इन्हीं अध्यापकों की बात की जाए तो इनके बच्चे जरूर इंग्लिश मीडियम या सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में पढ़ाई करते होंगे । यदि इनके बच्चों की पढ़ाई वहां पर चौपट हो तो इनको कैसा महसूस होता होगा। खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर रिचा सिंह से जब विद्यालय में नदारद अध्यापकों के संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि हेड मास्टर के रिपोर्ट प्राप्त होने पर विद्यालय में नदारद अध्यापक के खिलाफ कार्यवाही की जाऐगी।

### 23 वर्षीय विवाहिता ने खाया सल्फास : हालत गंभीर

अयोध्या ब्यूरो : हैदरगंज थाना अंतर्गत ग्राम ओ दी रत नाथ निवासी 23 वर्षीय विवाहिता ने अज्ञात कारण के चलते खाया सल्फास हालत गंभीर प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती काजल पाठक पत्नी दयाशंकर पाठक आयु लगभग 23 वर्ष निवासी ओदी रक्त नाथ थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या ने आज शाम अज्ञात कारणों के चलते सल्फास खा लिया हालत गंभीर देखते हुए परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अजीत कुमार कुशवाहा द्वारा हालत गंभीर देखते हुए भर्ती कर लिया वहीं चिकित्सक ने बताया कि काजल पाठक की हालत नाजुक बनी हुई है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।